समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# ममता बनर्जी को बड़ा झटका, ED ने TMC से जुड़े 3 बैकं खाते फ्रीज किए, 440 करोड़ रुपये की जांच तेज

Sanket Morankar Published on 08 Jul 2026



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (TMC) प्रमुख **ममता बनर्जी** को बड़ा झटका लगा है। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (PMLA) के तहत कार्रवाई करते हुए TMC से जुड़े **तीन बैकं खातों को फ्रीज** कर दिया है। इन खातों में करीब **440 करोड़ रुपये** जमा बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, ED कथित संदिग्ध वित्तीय लेन-देन और चार्टर्ड विमान एवं हेलीकॉप्टर खरीद से जुड़े मामले की जांच कर रही है। इसी सिलसिले में एजेंसी ने कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी भी की है।

जांच के दौरान **केयरवेल ग्रुप ऑफ कंपनीज** और उसकी सहयोगी कंपनी **केयरवेल एविएशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** के परिसरों पर भी कार्रवाई की गई। यह कंपनी निजी जेट और हेलीकॉप्टर किराये पर उपलब्ध कराने का काम करती है।

**जांच मे क्या सामने आया ?**

ED की प्रारंभिक जांच के अनुसार, **अप्रैल 2023 से जून 2026** के बीच TMC के बैंक खातों से लगभग **160 करोड़ रुपये** केयरवेल एविएशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और उसकी सहयोगी इकाइयों के खातों में ट्रांसफर किए गए। इसके बाद कंपनी ने करीब **82.96 करोड़ रुपये** एक अन्य नई कंपनी के खाते में भेजे।

एजेंसी का दावा है कि इस धनराशि में से लगभग **112 करोड़ रुपये** का उपयोग **Embraer Legacy 600** कॉर्पोरेट विमान और **AgustaWestland 109SP** हेलीकॉप्टर खरीदने में किया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि हेलीकॉप्टर की खरीद में विदेश से प्राप्त धन का भी इस्तेमाल किया गया।

ED के मुताबिक, बाद में इन दोनों विमानों को TMC को किराये पर उपलब्ध कराया गया और इस पूरी प्रक्रिया में हुए वित्तीय लेन-देन की जांच की जा रही है।

## ED का क्या कहना है ?

प्रवर्तन निदेशालय का कहना है कि विमान और हेलीकॉप्टर के उपयोग के नाम पर बड़ी रकम का लेन-देन हुआ, जो प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत होता है। एजेंसी को आशंका है कि वास्तविक लाभार्थियों की पहचान छिपाने के लिए कई कंपनियों का इस्तेमाल किया गया। इस पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## कैसे शुरू हुई जांच ?

बताया जा रहा है कि TMC में आंतरिक विवाद के बाद कुछ बागी विधायकों ने पार्टी फंड में जमा धन के स्रोत की जांच की मांग की थी। इसके बाद कोलकाता पुलिस ने पार्टी के तीन बैंक खातों से होने वाले लेन-देन पर रोक लगाई थी। इस कार्रवाई के खिलाफ ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया था।

फिलहाल ED मामले से जुड़े सभी वित्तीय दस्तावेजों और लेन-देन की जांच कर रही है। वहीं, TMC की ओर से इस कार्रवाई पर विस्तृत आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.